प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत स्टार प्रचारकों के दौरे तेज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कल और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का 6 अप्रैल को प्रदेश दौरा प्रस्तावित।

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान के वास्ते 50 प्रतिशत से ज्यादा मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था।

- सीबीआई का स्थापना दिवस आज।

- शीतलाष्टमी का पर्व प्रदेशभर में श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है–जयपुर की शील की डूंगरी सहित विभिन्न स्थानों पर भर रहे है मेले।

....................

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत विभिन्न स्टार प्रचारकों के हो रहे दौरो की कडी में प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी का कल जयपुर ग्रामीण के कोटपूतली का दौरा प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर और पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कोटपूतली बहरोड जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और एसपी वंदिता राणा ने सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर आज भाजपा नेता अमित शाह जोधपुर जायेंगे। वे वहां जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही और बाडमेर की संयुक्त कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इसके बाद उनका लोकसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है। श्री शाह ने इससे पहले कल जयपुर में आठ लोकसभा क्षेत्रों के क्लस्टर प्रभारियों की बैठक ली और चुनावी प्रबंधन के साथ रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में श्री शाह ने कहा कि भाजपा 370 और एनडीए 400 पार के नारे में सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता तय करनी होगी। इसके लिए पार्टी के हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रदेश सह–प्रभारी विजया राहटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा सहित वरिष्ठ नेता, कोर कमेटी के पदाधिकारी, क्लस्टर प्रभारियों सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री शाह ने जयपुर में सामाजिक संगठनों के साथ बैठक भी की और देर रात कोर कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा की। श्री शाह ने कल सीकर में रोड शो भी किया। उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सीकर से पार्टी के प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती भी मौजूद रहे। उधर कांग्रेस के विभिन्न स्टार प्रचारक भी अपने प्रत्याशियों के लिए आम सभाओं को संबोधित कर रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कल सिरोही के रेवदर में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का 6 अप्रेल को प्रदेश दौरा प्रस्तावित है।

....................

प्रदेश में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित हो रही स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न जिलों में नवाचार का दौर जारी है। जालोर के जामा मस्जिद में रमजान के पवित्र महिने में कल स्वीप गतिविधि के तहत नमाज अदा करने आए मुस्लिम समाज के लोगों को नमाज के बाद आम चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। वही आज शीतला अष्टमी के मेले के लिए स्वीप टीम की ओर से मेला स्थल पर मतदाता जागरूकता स्टॉल लगाई गई है जिस पर आम नागरिकों को 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर शत–प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवाये जा रहे है। मेला स्थल पर एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी द्वारा मतदाता जागरूकता के बैनर और पेम्पलेट के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहीं पाली जिले के डीगाई गांव के कानाराम ने 26 अप्रैल को होने वाले उनके विवाह के कार्ड में कवर पेज पर आगन्तुकों से मतदान करने की विशेष रूप से अपील की है।

....................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है।

....................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग, पोस्टल बड्डी एप और सुरक्षा व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्दश दिए। श्री गुप्ता ने बताया लोकससभा चुनाव–2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए 50 फीसदी से अधिक मतदान केन्द्रों पर लाइव वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि वेब कास्टिंग को जिला निर्वाचन अधिकारी से लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी लाइव देखेंगे। उन्होंने बताया कि पहले चरण में होम वोटिंग के लिए करीब 37 हजार पात्र मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है। इनके लिए मतदान प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू होगी। श्री गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में मतदान वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकरण का कार्य जारी है और 2 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है।

....................

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में 20वें डी पी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान देंगे। इस वर्ष की थीम है – उन्नत आपराधिक न्याय प्रक्रिया के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग। मुख्य न्यायाधीश इस अवसर पर सीबीआई अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि सीबीआई की स्थापना एक अप्रैल 1963 को हुई थी। इसका उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की छानबीन करना नहीं बल्कि वित्तीय कानूनों के उल्लंघन और गंभीर अपराधों की भी जांच करना है। सीबीआई अपने संस्थापक निदेशक के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए वर्ष 2000 से डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान माला का आयोजन कर रही है।

....................

प्रदेशभर में राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर आज लोकपर्व बास्योड़ा यानि शीतलाष्टमी श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। महिलाएं सज धज कर मंदिरों में ठण्डे पकवानों का शीतला माता को भोग अर्पित कर रही हैं। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि मंदिरों में तडके से ही महिला श्रद्धालुओं की भीड देखी जा रही है।

....................

टोंक जिले के ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर में माता शीतला की विशेष झांकी सजाई गई हैं। केकडी में शीतला माता के मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। भीलवाड़ा में इस अवसर पर दोपहर में परम्परागत मुर्दे की सवारी निकाली जायेगी। हर वर्ष निकाली जाने वाली इस सवारी में जीवित व्यक्ति को लिटाकर मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। शीतलाष्टमी पर राज्य के विभिन्न स्थानों पर मेले भी लगाये जा रहे है। जयपुर जिले के चाकसू में शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में मेला भर रहा है। दो दिन चलने वाले इस मेले में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। महिलाएं मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये है। बाडमेर ज़िले के भेडाणा गाँव में कल से शुरू हुआ शीतला माता का मेला परवान पर है। मेले में गेर नृत्य के आयोजन हो रहे है। बालोतरा जिले के कनाना में भी मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है।

....................